# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.06.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है।
- "विकसित कृषि संकल्प अभियान", नौ जून को लिटिल निकोबार के मकाचुआ गांव में लागू किया जाएगा।
- सी सी पी ए ने सभी ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को परामर्श जारी कर कहा– उनके माध्यम से कोई भी धोखाधड़ी की गतिविधि ना होने पाए।
- द्वीपसमूह के कुछ भागों मे वर्षा हुई।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। एन डी ए सरकार के केन्द्र में ग्यारह साल पूरे होने के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि यह सरकार के लिए गौरव की बात है कि उसने इस कार्यकाल में देश के परिश्रमी किसानों की सेवा की। श्री मोदी ने पिछले ग्यारह वर्षों में किसानों की समृद्धि के लिए किए सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जिनसे कृषि क्षेत्र में बड़ा परिर्वतन सुनिश्चित हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया, जो बहुत लाभकारी सिद्ध हुआ। श्री मोदी ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए सरकार के प्रयास आने वाले समय में और भी मजबूती से जारी रहेंगे।

<><><><><><><>

भारत ने पर्यावरण संरक्षण और विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक विकास मॉडल अपनाया है, जो पर्यावरण संरक्षण को समावेशी विकास के साथ एकीकृत करता है। नदियों को पुनर्जीवित करने से लेकर पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने और हरित बुनियादी ढांचे के निर्माण तक, देश ने संरक्षण के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। नमामि गंगे मिशन दुनिया के सबसे बड़े नदी कायाकल्प कार्यक्रमों में से एक है। इसने जल की गुणवत्ता में सुधार किया है, जैव विविधता को बढ़ाया है और गंगा के पुनरुद्धार में स्थानीय भागीदारी को प्रोत्साहित किया है। इसके साथ ही, स्वच्छ भारत मिशन और गोबरधन योजना ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन को बदल दिया है। "एक पेड़ माँ के नाम" जैसे अभियानों ने नागरिकों को पर्यावरणीय संरक्षण के लिए प्रेरित किया है, जो कार्बन अवशोषण और पारिस्थितिक बहाली में योगदान दे रहे हैं। भारत ने वन्यजीव संरक्षण में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। प्रोजेक्ट चीता, प्रोजेक्ट लायन और विस्तारित प्रोजेक्ट टाइगर जैसी पहल आवास विकास और प्रजातियों की बहाली पर ध्यान केंद्रित करती हैं। भारत में बाघ की आबादी दुनिया की जंगली बाघ आबादी का पचहत्तर प्रतिशत से अधिक है। भारत में वर्तमान में इक्यानब्बे रामसर स्थल हैं, जो एशिया में सबसे अधिक है। तेरह भारतीय समुद्र तटों ने प्रतिष्ठित ब्लू फ्लैग प्रमाणन अर्जित किया है, जबकि अमृत धरोहर और मिष्टी जैसी योजनाएं आर्द्रभूमि और मैंग्रोव के संरक्षण को आगे बढ़ा रही हैं, जो जलवायु लचीलेपन के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत का हरित परिवर्तन एक नीतिगत पहल से कहीं अधिक है।

<><><><><><><>

खरीफ पूर्व अभियान के एक हिस्से के रूप में "विकसित कृषि संकल्प अभियान", नौ जून को लिटिल निकोबार के मकाचुआ गांव में लागू किया जाएगा। अभियान को कृषि विज्ञान केंद्रों के विभागीय अधिकारियों और अन्य हितधारकों द्वारा संयुक्त रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य क्षेत्र के कृषक समुदाय के लिए विषय की जानकारी, क्षमता निर्माण, सरकारी योजनाओं और खेती से संबंधित संसाधनों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में "एक पेड़ मां के नाम" पहल के तहत फलों के पौधे लगाना और युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्मों के आयोजन होंगे। अभियान के शुरू होने के बाद से ग्रेट निकोबार के गोविंद नगर, जोगिंदर नगर, विजय नगर, गांधी नगर, लक्ष्मी नगर, राजीव नगर और चिंगन गांव और लिटिल निकोबार के अफरा बे और पिलोपांजा में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के नौवें दिन तक जागरूकता शिविर, प्रदर्शन, घर–घर जाकर फील्ड विजिट, खेलकूद कार्यक्रम जैसे कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मसालों पर पायलट प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के लिए मसालों की पौध सामग्री भी विशेष पहल के रूप में शुरू की गई, जिसमें किसानों को लौंग के एक सौ

बहत्तर पौधे और दालचीनी के एक सौ उनहत्तर पौधे वितरित किए गए। किसानों की मांग पर काली मिर्च के नौ सौ तेईस पौधे और जायफल के सोलह पौधे भी वितरित किए गए।

<><><><><><>

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण– सी सी पी ए ने सभी ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्मस को परामर्श जारी किया है कि वे यह सुनिश्चित करने के आवश्यक कदम उठाए कि उनके प्लेटफॉर्मस के माध्यम से कोई भी धोखाधड़ी या अनुचित व्यापार की गतिविधि ना होने पाए। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्मस को कहा गया है कि तीन महीने के भीतर स्वयं निरीक्षण करें और अनुचित पद्धतियों का पता लगाए। सी सी पी ए ने कुछ मामलों में ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्मस को अनुचित व्यापारिक तरीकों की रोकथाम के दिशा–निर्देशों का उल्लंघन करने के मामले में नोटिस भी जारी किए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि सी सी पी ए के दिशा निर्देशों के उल्लघंन के मामलों पर कड़ी नजर रख रही है। कुछ ई–कॉमर्स कंपनियां डिजीटल प्लेटफॉर्मस का इस्तेमाल कर उपभोक्ताओं को ऐसी चीजों को खरीदने के लिए फंसाती है, जिन्हें वह नहीं चाहता। इस अनुचित पद्धति से उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन होता है।

<><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से इक्कीस जून को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत श्री विजयपुरम के ज़िला न्यायालय भवन, उप–विभागीय कोर्ट परिसर मायाबंदर तथा डिगलीपुर के सर्किट कोर्ट में आयोजित होगा। लोक अदालत में धारा एक सौ अड़तीस के अंतर्गत राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड अधिनियम के मामले, धन वसूली के मामले, श्रम विवाद, बिजली और पानी के बिल संबंधी विवाद, भरण–पोषण के मामले, सिविल विवाद और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत आने वाले विवादों का निपटान किया जाएगा, जिन लोगों के विवाद मुकदमें पूर्व या मुकदमे पश्चात स्तर पर है, उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान उनके समाधान की सुविधा के लिए सोलह जून तक श्री विजयपुरम के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव को लिखित रूप में आवेदन जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों मे वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक हटबे में तैंतीस दशमलव आठ मिलीमीटर, ननकौड़ी में सत्रह दशमलव दो, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में सात दशमलव छः, कार निकोबार में सात और श्री विजयपुरम में तीन दशमलव एक मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान के अनुसार कल निकोबार द्वीप के एकाध स्थानों में भारी वर्षा हो सकती है। नौ और दस जून को द्वीपसमूह के एकाध भागों में तेज हवा और गरज के साथ वर्षा हो सकती है। इस दौरान समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को कल से लेकर ग्यारह तारीख तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है ।

<><><><><><>

बम्बूफ्लाट पुलिस की टीम ने बम्बूफ्लाट और चाथम जेट्टी के बीच डूबते हुए तीन नाबालिग लड़कों को बचाया। कल दोपहर डी एस एस के एक टैली क्लर्क ने लड़कों के डूबने की घटना की सूचना पुलिस को दी। इस पर कार्रवाई करते हुए सब–इंस्पेक्टर मनोज लाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों लड़कों को ढूंढ निकाला और उन्हें सुरक्षित किनारे पर ले आई। नाबालिग शोर प्वाइंट के निवासी हैं, जिन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई और जांच के बाद उन्हें उनके संबंधित अभिभावकों को सौंप दिया गया।

<><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग की ओर से अंडमान लॉ कॉलेज के सामने कलवर्ट के निर्माण कार्य के चलते कल श्री विजयपुरम के अधिकांश भागों में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगी।

<><><><><><>